प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

8 फरवरी 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) का समय-पूर्व मोचन – 8 फरवरी 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य - एसजीबी 2016 (I)

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) पर भारत सरकार की दिनांक 14 जनवरी 2016 की अधिसूचना एफ.सं.4(19)-डब्ल्यूएंडएम/2014 (ट्रेंच संख्या 2 यथा एसजीबी 2016 (I) के अनुसार, इस तरह के स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। अतएव, उपरोक्त ट्रेंच के समयपूर्व मोचन की आगामी देय तिथि 8 फरवरी 2022 होगी। इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) प्रकाशित] के साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा।

2. तदनुसार, 31 जनवरी – 4 फरवरी 2022 सप्ताह के लिए सोने के समापन मूल्य के साधारण औसत के आधार पर, 8 फरवरी 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹4813/- (रुपये चार हजार आठ सौ तेरह मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1679